पंजाब केसरी 03/03/2026

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में देखा गया हरियाणा बजट सत्र-2026 का सीधा प्रसारण

अम्बाला, 2 मार्च (बलराम): हरियाणा विधानसभा में आयोजित बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा राज्य का वार्षिक बजट पेश किया गया। इस दौरान गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज, अम्बाला छावनी के प्राध्यापकों ने महाविद्यालय परिसर में बजट भाषण का सीधा प्रसारण सामूहिक रूप से देखा।

बजट प्रस्तुति के माध्यम से राज्य सरकार की आगामी वर्ष की विकास योजनाओं, आर्थिक प्राथमिकताओं तथा शिक्षा, उद्योग, रोजगार एवं सामाजिक कल्याण से संबंधित प्रावधानों की विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई। प्राध्यापकों ने विशेष रूप से उच्च शिक्षा के सुदृढीकरण, कौशल विकास कार्यक्रमों के विस्तार, डिजिटल सशक्तिकरण पहलों तथा महिला सशक्तिकरण से जुड़े प्रावधानों का गंभीरतापूर्वक अवलोकन एवं विश्लेषण किया

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने अपने संदेश में कहा कि राज्य बजट का सामूहिक अवलोकन शिक्षकों को शासन की नीतिगत दिशा, वित्तीय प्राथमिकताओं तथा विकासात्मक दृष्टिकोण को समझने का सशक्त अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम शिक्षण-अध्यापन प्रक्रिया को अधिक प्रासंगिक, समसामयिक एवं व्यवहारिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा विद्यार्थियों को वर्तमान आर्थिक एवं नीतिगत परिदृश्य के प्रति जागरूक करने में सहायक सिद्ध होते हैं।

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के प्राध्यापकगण महाविद्यालय परिसर में बजट भाषण का सीधा प्रसारण देखते हुए। (चंद्रमोहन)